आकाशवाणी
क्षेत्रीय समाचार
देहरादून (उत्तराखण्ड)
शुक्रवार 13.12.2024
समय 07.20

मुख्य समाचार :—

- उत्तराखंड सरकार ने 38वें राष्ट्रीय खेलों में राज्य के खिलाड़ियों को प्रोत्साहित करने के लिए पुरस्कार राशि दोगुना की।
- राज्य में साइबर अपराधों पर प्रभावी रोकथाम लगाने के लिए हर जिले में साइबर थाना खोले जांएगे।
- उत्तराखंड पुलिस ने शीतकालीन चारधाम यात्रा के दौरान सुरक्षा और व्यवस्थाओं को बेहतर बनाने के लिए विस्तृत योजना बनाई।
- देहरादून स्थित भारतीय सैन्य अकादमी में आज पासिंग आउट परेड का आयोजन, भारतीय सेना को मिलेंगे 456 नए सैन्य अधिकारी।

धनराशि दोगुना

उत्तराखंड सरकार ने 38वें राष्ट्रीय खेलों में राज्य के खिलाड़ियों को प्रोत्साहित करने के लिए पुरस्कार राशि दोगुनी कर दी है। अब स्वर्ण पदक विजेता को 12 लाख रुपये, रजत पदक विजेता को 8 लाख रुपये, और कांस्य पदक विजेता को 6 लाख रुपये मिलेंगे। खेल मंत्री रेखा आर्या ने इस घोषणा पर खुशी व्यक्त करते हुए कहा कि सरकार का यह कदम राष्ट्रीय स्तर पर खिलाड़ियों का मनोबल बढ़ाने और उन्हें उत्कृष्ट प्रदर्शन के लिए प्रेरित करने की दिशा में एक अहम पहल है।

साइकिलिंग वेलोड्रोम

खेल मंत्री रेखा आर्या ने रुद्रपुर स्थित मनोज सरकार स्पोर्ट्स स्टेडियम में साइकिलिंग वेलोड्रोम का उद्घाटन किया। इसके साथ ही उत्तराखंड, देश का आठवां राज्य बन गया है जिसमें साइकिलिंग वेलोड्रोम है। इस वेलोड्रोम के निर्माण में 23 करोड़ रुपये से अधिक खर्च हुए हैं। इस अवसर पर खेल मंत्री ने कहा कि प्रदेश में सभी खेल सुविधाएं उपलब्ध कराई जा रही हैं। इस दौरान श्रीमती आर्या ने रुद्रपुर में राष्ट्रीय खेलों की तीन प्रमुख स्पर्धाएं आयोजित करने की घोषणा भी की।

साइबर थाना

राज्य में साइबर अपराधों पर प्रभावी रोकथाम लगाने के लिए उत्तराखंड पुलिस ने हर जिले में साइबर थाना खोलने की योजना बनाई है। देहरादून स्थित उत्तराखंड पुलिस मुख्यालय में पुलिस महानिदेशक दीपम सेठ की अध्यक्षता में आयोजित एक महत्वपूर्ण बैठक में यह निर्णय लिया गया। इस बैठक में साइबर

अपराधों को रोकने और पुलिस बल को तकनीकी दृष्टि से सशक्त बनाने पर जोर दिया गया और पुलिस बल को साइबर अपराधों से निपटने के लिए प्रशिक्षण देने की योजना बनाई गई। इसके अलावा, बैंकिंग क्षेत्र के नोडल अधिकारियों को साइबर अपराध रोकने के लिए मानक संचालन प्रक्रिया (एस.ओ.पी.) जारी करने के निर्देश दिए गए।

गिरफ्तारी

उत्तराखंड एसटीएफ ने साइबर ठगी के एक गिरोह का भंडाफोड़ किया है, जो बेरोजगार युवाओं को फर्जी जॉब ऑफर के नाम पर ठगी कर रहा था। गिरोह के दो सदस्यों को गिरफ्तार किया गया है और उनके पास से बड़ी संख्या में फर्जी दस्तावेज, सिम कार्ड और अन्य उपकरण बरामद किए गए हैं। इस बीच, एस.टी.एफ ने युवाओं से इस तरह के फर्जीवाड़े से सतर्क रहने की अपील की है।

सारा बैठक

अपर मुख्य सचिव आनन्द बर्द्धन की अध्यक्षता में सचिवालय में स्प्रिंग एंड रिवर रिजूविनेशन अथॉरिटी (सारा) की राज्य स्तरीय कार्यकारी समिति की बैठक आयोजित हुई। इस बैठक में विभिन्न केंद्रीय संस्थानों और राज्य के विभिन्न विभागों ने भाग लिया। बैठक में जल संसाधनों के सतत विकास के लिए वैज्ञानिक दृष्टिकोण से योजनाएं बनाने के निर्देश दिए गए। अपर मुख्य सचिव ने जल स्रोतों के उपचार के लिए विभिन्न जिलों में मॉडल विकसित करने के निर्देश दिए। साथ ही, टिहरी जिले की आरगाड़ और सौंग सहायक नदियों के उपचार के लिए प्रस्तावित योजनाओं को अनुमोदित किया। बैठक में 51 रिचार्ज शाफ्टों के निर्माण की स्वीकृति भी दी गई, जो देहरादून में भूजल स्तर को रिचार्ज करेंगे।

मीडिया बातचीत

केंद्रीय आयुष सचिव वैद्य राजेश कोटेचा ने राष्ट्रीय आयुष मिशन के तहत उत्तराखंड द्वारा किए गए कार्यों की सराहना की है। देहरादून में मीडिया से बातचीत करते हुए उन्होंने बताया कि राज्य ने प्राथमिक स्वास्थ्य के क्षेत्र में महत्वपूर्ण कदम उठाए हैं, जिसमें आयुर्वेद को अधिक से अधिक लोगों तक पहुंचाने के प्रयास किए जा रहे हैं। उत्तराखंड में आयुष क्षेत्र में कई आयुष चिकित्सालयों की स्थापना की योजना है, जिनमें 50 बेड वाले चार आयुष चिकित्सालय शामिल हैं। इस मिशन के तहत दस हजार से अधिक कैंप आयोजित किए गए, जिनमें बुजुर्गों की स्वास्थ्य देखभाल पर ध्यान केंद्रित किया गया।

विस्तृत योजना

उत्तराखंड पुलिस ने शीतकालीन चारधाम यात्रा के दौरान सुरक्षा और व्यवस्थाओं को बेहतर बनाने के लिए विस्तृत योजना बनाई है। पुलिस महानिदेशक दीपम सेठ ने यात्रा मार्गों पर पुलिस बल की तैनाती और

आपातकालीन योजनाओं की तैयारी करने के निर्देश दिए हैं। साथ ही श्रद्धालुओं की सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए विशेष कदम उठाने को भी कहा गया है। इसके लिए संबंधित जिलों में नोडल अधिकारियों को नियुक्त करने, यात्रा मार्गों पर पुलिस बल की तैनाती और श्रद्धालुओं की सुरक्षा के लिए एक्शन प्लान तैयार किया जाएगा।

<u>आई.एम.ए पीओपी</u>

भारतीय सेना को आज 456 नए सैन्य अधिकारी मिलने जा रहे हैं। देहरादून स्थित भारतीय सैन्य अकादमी–आई.एम.ए में आज पासिंग आउट परेड आयोजित की गई है, जिसमें अंतिम पग को पार करते ही ये जवान भारतीय सेना का अभिन्न अंग बन जांएगे। इस परेड में देश–विदेश के कुल 491 जैंटलमैन कैडेट्स पास आउट होंगे, जिसमें मित्र राष्ट्रों के 35 कैडेट्स भी शामिल हैं। परेड की सलामी नेपाल के सेना प्रमुख सुप्रबल जनसेवाश्री जनरल अशोक राज सिगडेल लेंगे।

<u>योजना</u>

उत्तराखंड सरकार ने सौ वर्ष पुराने दो आयुर्वेद कॉलेजों के उच्चीकरण की योजना बनाई है, जिसमें ऋषिकुल कॉलेज के उच्चीकरण की कार्यवाही तेजी से आगे बढ़ रही है। केंद्र सरकार ने इस प्रस्ताव पर सकारात्मक प्रतिक्रिया दी है, और राज्य के लोक निर्माण विभाग ने इसके लिए विस्तृत परियोजना रिपोर्ट–डी.पी.आर तैयार कर दी है। ऋषिकुल कॉलेज में सात मंजिला हॉस्पिटल बनाने का प्रस्ताव है, जिसका उद्देश्य आयुर्वेद को उच्चतम स्तर पर प्रस्तुत करना है। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने कहा है कि आयुर्वेद के क्षेत्र में देशभर में क्रांतिकारी बदलाव हो रहे हैं, और उत्तराखंड सरकार इस दिशा में महत्वपूर्ण कदम उठा रही है।

<u>विश्व आयुर्वेद कांग्रेस</u>

देहरादून के परेड ग्राउंड में चल रहे 10वें आयुर्वेद कांग्रेस और आरोग्य एक्सपो के दूसरे दिन कल देश–विदेश के आयुर्वेद विशेषज्ञों ने विभिन्न विषयों पर अपने विचार साझा किए। प्लेनेटरी सेशन और आयुर्वेद आहार जैसे विषयों पर पैनलिस्टों ने अपने अनुभवों को साझा किया। आयुर्वेद के क्षेत्र में नवाचार, अनुसंधान और जनमानस तक आयुष चिकित्सा को पहुंचाने के लिए विभिन्न सुझाव दिए गए। आयुर्वेद के क्षेत्र में बढ़ते शोध और विकास के बारे में भी चर्चा की गई।

<u>आजीविका संवर्धन प्रयास</u>

देहरादून में जिलाधिकारी सविन बसंल के निर्देशन में स्वयं सहायता समूहों की आजीविका बढ़ाने के लिए नए आउटलेट, कैफे और रेस्टोरेंट खोलने की योजना बनाई गई है। यह आउटलेट्स स्थानीय उत्पादों

का विपणन करने और महिला स्वंय सहायता समूहों को रोजगार देने का अवसर प्रदान करेंगे। शुरुआत में चार स्थानों पर ये आउटलेट्स खोले जाएंगे, जिनमें कचहरी परिसर, सुद्धोवाला, कोरोनेशन अस्पताल और गुच्चुपानी शामिल हैं। इन आउटलेट्स के जरिए लोगों को स्थानीय और आर्गेनिक उत्पाद मिलेंगे, जिससे राज्य के उत्पादों को राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय बाजार में पहचान मिल सकेगी।

अब एक नज़र समाचार पत्र की सुर्खियों पर –

आज सभी समचार पत्रों ने अलग–अलग ख़बरों को प्राथमिकता दी है।

राज्य में नगर निकाय चुनाव की ख़बर पर अमर उजाला लिखता है– कल जारी होगी वार्ड सदस्य और पार्षदों के आरक्षण की अधिसूचना। इसी ख़बर पर हिंदुस्तान समाचार का शीर्षक है– आरक्षण संबंधी सूचना बाईस दिसंबर तक देने के निर्देश।

भारत को आयुर्वेद में आइ.एस.ओ मानकीकरण मिलने की उम्मीद। देहरादून में आयोजित विश्व आयुर्वेद कांग्रेस को पहले पृष्ठ में स्थान देते हुए दैनिक जागरण की ख़बर है– केंद्रीय आयुष सचिव कोटेचा ने कहा– विदेश में तेजी से हो रहा आयुर्वेद का प्रचार–प्रसार।

नेशनल गेम्स की ख़बर पर दैनिक जागरण का शीर्षक है– राष्ट्रीय खेलों में स्वर्ण पदक जीता तो बारह लाख और रजत पदक पर मिलेंग आठ लाख रुपए।

उत्तराखंड की दो बेटियां टीम इंडिया में। इस ख़बर के साथ हिंदुस्तान समाचार पत्र ने लिखा है कि राघवी बिष्ट और नंदिनी कश्यप का चयन भारतीय महिला क्रिकेट टीम में हुआ है।

भारतीय सेना को आज मिलेंगे 456 युवा अफसर। इस शीर्षक के साथ राष्ट्रीय सहारा की ख़बर है– मित्र देशों के 35 युवा भी बनेंगे अधिकारी, नेपाल के सेना प्रमुख अशोक राज सिगडेल लेंगे परेड की सलामी।

पिथौरागढ़ के झलतोला में बनी मिनी झील जल स्रोतों को कर रही रिचार्ज। नवोदय टाइम्स लिखता है– अमृत सरोवर योजना को मनरेगा से किया गया साकार।